Date: ______ Page no: ______

महत्वपूर्ण बिन्दु

1) मेढ़क को एम्फीबिया वर्ग में रखा गया है जो यूरिया का उत्सर्जन करता है।
2) मस्तिष्क से 10 जोड़ी कपाल तंत्रिका निकलती है।
3) मेढ़क में कुछ संवेदी अंग पाये जाते है जैसे – (संवेदी चिपक्ले) स्पर्श अंग, स्वाद अंग (स्वाद कलिकाएँ), गंध नासिका, दृष्टि अंग, श्रवण अंग (कर्ण) आदि।

Chapter :– 17

गमन संचलन

Q. गति क्या है गति कितने प्रकार की होती है?

Ans. जब कोई जीव एक ही स्थान पर रहकर या अपने स्थान में परिवर्तन करके जो अवस्था बदलता है जैसे – टहलना, दौड़ना, चढ़ना, उतरना, तैरना आदि गति के उदाहरण है। सभी चलन गति होते है लेकिन सभी गतियाँ चलन नहीं होती है।

Note :– सद्धचलन :– जब कोई जीव अपने पूरे शरीर को एक – स्थान से दूसरे स्थान पर विस्थापित कर देता है तो इसे सचलन / प्रचलन कहते है।

Date: ______ Page no: ______

* गति के प्रकार :

1) कशाभिकीय गति :- कशाभिकाओं के द्वारा होने वाली गति को कशाभिकीय गति कहते है। जैसे - शुक्राणु की गति, युग्लिना।

2) अमीबिय गति :- हमारे शरीर में कुछ विशिष्ट प्रकार की कोशिकाएँ जैसे - W.B.C मैक्रोफेजेस अमीबिय गति को प्रदर्शित करती है। अमीबिय गति जैसे जीवद्रव्य मे होने वाली गति।

3) पक्ष्माभी गति :- पक्ष्माभी के द्वारा होने वाली गति को पक्ष्माभी गति कहते है जैसे मादा प्रजनन तंत्र में अण्डाणु कि गति अण्डवाहिनी मे पाई जाने वाली पक्ष्माभी के द्वारा होती है।

4) पेशीय गति :- पेशियों के माध्यम से होने वाली गति को पेशीय गति कहते है।

Q. पेशी क्या है यह कितने प्रकार की होती है?

Ans. पेशी एक विशेष प्रकार का ऊतक है जिसकी उत्पत्ति भ्रूण के मिजोडर्म से होती है एक वयस्क मनुष्य के शरीर के बाहर का 40 - 50 % हिस्सा पेशियों का बना होता है।